Foundational Supports

सामान्य समर्थन

समुदाय में अतिरिक्त समर्थनों की रूपरेखा तैयार करने और उपलब्ध कराने के लिए सरकारें साथ-मिलकर काम कर रही हैं। इन्हें आधारभूत समर्थनों (Foundational Supports) के नाम से जाना जाता है। ये राष्ट्रीय दिव्यांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) के माध्यम से प्राप्त होने वाली मुख्यधारा सेवाओं और समर्थनों के अतिरिक्त कुछ विशिष्ट समर्थन हैं।

यह सूचना पत्रक **सामान्य समर्थनों** के बारे में है।

सामान्य समर्थनों में क्या शामिल हो सकता है?

सूचना और सलाह

दिव्यांगता के बारे में गुणवत्तापूर्ण जानकारी और सलाह की सुलभता।

लोगों और उनके परिवारों/देखभालकर्ताओं व संबंधियों के लिए **उपलब्ध दिव्यांगता समर्थनों के बारे में जानकारी**, जिसमें उनकी आवश्यकतानुसार सही समर्थन खोजने और उनसे जुड़ने में सहायता देना भी शामिल है।

क्षमता निर्माण

व्यक्ति-विशेषों के लिए: पियर समर्थन समूहों की बेहतर सुलभता, आत्म पक्ष-समर्थन, अधिकार-जागरुकता, निर्णय लेने, नेतृत्व विकास, संबंध निर्माण और जीवन कुशलताओं के विकास के इर्द-गिर्द समर्थन।

परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए: पियर समर्थन, पैरेंटिंग समूह और वर्कशॉप्स, शिक्षा व प्रशिक्षण, पक्ष-समर्थन और अधिकार-जागरुकता के बारे में कुशलता निर्माण, परिवार नेतृत्व और विकास।

समुदाय: दिव्यांगता-समावेशी और सुलभ सेवाएँ प्रदान करने के लिए सामुदायिक संगठनों (जैसे खेल क्लबों, कला समूहों) और पूरे क्षेत्र या समुदाय के स्तर पर क्षमता का निर्माण करना। परियोजनाओं का ध्यान दिव्यांग लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और समावेशी सामुदायिक सेवाओं की समरूप सुलभता सुनिश्चित करने वाले परामर्श और संसाधन उपलब्ध कराने पर केन्द्रित होगा।

सामान्य समर्थन किसके लिए हैं?

सामान्य समर्थनों में 65 वर्ष से कम आयु के दिव्यांगजनों की समर्थन आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी संभावित रूप से सामान्य समर्थनों से कुछ लाभ (जैसे जानकारी) प्राप्त कर सकते हैं।

सामान्य समर्थनों के हिस्से के रूप में जिस प्रकार सूचना और सलाह प्रदान की जाएगी, उसमें दिव्यांग समुदाय की विभिन्न आवश्यकताओं के साथ-साथ परिवारों/देखभालकर्ताओं और संबंधियों की आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाएगा।

सामान्य समर्थनों को विविधतापूर्ण समुदायों की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए भी अनुकूलित किया जाएगा। उदाहरण के लिए, प्रथम राष्ट्र के दिव्यांग लोगों और सांस्कृतिक एवं भाषाई रूप से विविधतापूर्ण दिव्यांग लोगों तथा LGBTIQA+SB दिव्यांग समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समर्थन। इसे विशिष्ट समूह के लोगों के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है, जैसे बौद्धिक दिव्यांगता वाले लोग।

हमें सामान्य समर्थनों की आवश्यकता क्यों है?

सामान्य समर्थन ये कर सकते हैं:

- लोगों को अपने लिए सही समर्थनों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने के लिए वर्तमान एवं सुलभतायुक्त जानकारी प्रदान करना
- परिवारों और देखभालकर्ताओं को अपने दिव्यांग परिजनों की सहायता करने में सशक्त बनाना
- सामाजिक नेटवर्कों और सामुदायिक संबंध बनाने और बनाए रखने के लिए व्यक्ति-विशेषों को समर्थन देना
- व्यक्ति-विशेषों को निर्णय लेने में सहायता देना और उनकी आवश्यकताओं का पक्ष-समर्थन करना
- यह सुनिश्चित करना कि सामुदायिक संगठन और गैर-सरकारी सेवाएँ व गतिविधियाँ दिव्यांग लोगों की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए सुसज्जित हैं।

और अधिक जानकारी

हम लोगों के साथ इस बारे में संलग्न हो रहे हैं कि सामान्य समर्थनों में क्या शामिल किया जाना चाहिए और वे किस प्रकार से काम कर सकते हैं।

- और अधिक जानकारी के लिए **यहाँ जाएँ**: https://engage.dss.gov.au/foundational-supports/
- आप **Foundational.Supports@dss.gov.au** पर भी संपर्क कर सकते/ती हैं।